PRAVERTAN LATTER

आ वि प्रा

# आगरा विकास प्राधिकरण, आगरा

पत्रांकः 911/D/स०वि०/11 दिनांक 23-8-11

प्रेषक,

सहायक अभियन्ता प्रवर्तन
आगरा विकास प्राधिकरण,
आगरा।

सेवा में,

अखिलेशधर गौड,
डायरेक्टर,
कल्याणी बिल्डवेल (प्रा0) लि0,
कल्याणी प्वाइंट तुलसी सिनेमा के पास,
आगरा।

विषय- स्वीकृत मानचित्र के अतिरिक्त किये गये निर्माण को शमन कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक आपके प्रार्थना पत्र दिनांक 26.07.2011 के क्रम में अवगत कराना है कि खसरा सं0-323/1, 324, 325, 326, 329 व 330 मौजा मऊ मुस्तकिल, आगरा पर स्वीकृत मानचित्र के अतिरिक्त किये गये निर्माण को उपाध्यक्ष महोदय के आदेश दिनांक 20.08.11 को निम्न शर्तों के साथ शमन करने की अनुमति प्रदान कर दी गयी है। अतः पत्र प्राप्ति के 15 दिवस के अन्दर शमन धनराशि रू0 58,54,729/- प्राधिकरण कोष में जमा करने एवं निम्न शर्तें/औपचारिकतायें पूर्ण करने का कष्ट करें। उक्त समयान्तर्गत शमन धनराशि एवं निम्न औपचारिकताएं पूर्ण नहीं की जाती है तो दी गयी स्वीकृति स्वतः निरस्त मानी जायेगी।

1. मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
2. पूर्व स्वीकृत मानचित्र की समस्त शर्तें यथावत रहेंगी तथा उनका अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। इस आशय का एक शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।
3. स्वीकृत यूनिटों पर विभाजन कर विक्रय करने पर स्वीकृति स्वतः निरस्त मानी जायेगी। इस आशय का एक शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।
4. भविष्य में यदि किसी प्रकार की देयता बनती है तो नियमानुसार भुगतान करना होगा। इस आशय का एक शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।

भवदीय

23/8/11

सहायक अभियन्ता प्रवर्तन

# आगरा विकास प्राधिकरण, आगरा

पत्रांक : दिनांक : 27 - 7 - 2007

प्रेषक, 2531/BPHJ/51007

सहायक अभियन्ता (भवन),
आगरा विकास प्राधिकरण,
आगरा।

सेवा में,

श्री अखिलेश गौड़,
त्रिदेव कॉम्पलैक्स,
दयाल बाग रोड,
आगरा।

विषय : ख.नं.-323, 324, 325, 326, 329, मौजा मऊ मुस्तकिल, आगरा के आवासीय मानचित्र के सम्बन्ध में।

महोदय

उपरोक्त विषयक आपके भवन मानचित्र के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि आप निम्न शुल्क जमा करायें उसके उपरान्त ही भवन मानचित्र निर्गत किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1 क्रय योग्य एफ.ए.आर. के समानुपातिक भूमि का मूल्य | रु. 44,81,000.00 |
| 2 विकास शुल्क | रु. 18,04,532 31 पैसा |
| 3 उप-विभाजन शुल्क | रु. 21,80,943.00 |
| 4 निरीक्षण शुल्क | रु. 1,20,711.00 |
| 5 विकास कार्य की लागत 1% | रु. 5,000.00 |
| योग | रु. 85,92,187.00 |

उपरोक्त धनराशि रु. 85,92,187.00 जमा होने के उपरान्त एवं भूकम्परोधी प्राविधान शासनादेश के अनुसार स्ट्रक्चरल एवं फाउण्डेशन का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने तथा शासनादेश के अनुसार वृक्ष लगाने होंगे का शपथ-पत्र प्रस्तुत करने के उपरान्त ही भवन मानचित्र निर्गत किया जायेगा। निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरान्त पूर्णता प्रमाण-पत्र लेना अनिवार्य है।

भवदीय

सहायक अभियन्ता (भवन)